पटनासिटी में ब्रांडेड फॉर्च्यून,स्कूटर, इंजन के नकली खाद्य तेल बनाने बाले नकली फैक्ट्री का भंडाफोड़, करोड़ों रुपये का नकली तेल बरामद

पटना सिटी के बारे में माना जाता है कि यहां हर सामान का नकल तैयार कर बेचा जाता है। यह बात एक बार फिर से सही साबित हुई है। इस बार मामला आलमगंज थाना क्षेत्र के गुलजारबाग मंडी से जुड़ा है जहाँ एक मकान सह दुकान में ब्रांडेड कम्पनी के नकली सरसों तेल बनाने का काम धड़ल्ले से की जा रही थी।आज आलमगंज थाने की पुलिस ने जब गुलजारबाग मंडी के शुभम स्टोर में छापेमारी की तब जाकर नकली तेल बनाने बाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ।

दुकान मालिक दिलीप प्रसाद अपने तीन तल्ले मकान में ब्रांडेड कम्पनियों के नकली तेल की फैक्ट्री चला रहे थे। फॉर्च्यून,स्कूटर,इंजन,डीलक्स,तोता जैसे ब्रांडेड कम्पनियों के नकली तेल बनाने का धंधा यहाँ जोर शोर से चल रहा था।

Source: https://news4nation.com/news/fake-factory-making-fake-edible-oil-for-branded-fortune-scooter-engine-busted-in-patna-city-fake-oil-worth-crores-of-rupees-recovered-253819